Australian Government
Department of Agriculture, Water and the Environment

व्यापारिक भागीदारों के लिए जानकारी – प्रमाण-पत्र में परिवर्तन

हम सभी निर्यात किए जाने वाले कृषि उत्पादों के लिए अपनी निर्यात प्रमाणन प्रणाली में सुधार कर रहे हैं।

इन सुधारों से बाज़ार का उपयोग करने के लिए बातचीत से प्राप्त किए गए तथा सहमत अनुप्रमाणनों के अर्थ और प्रयोजन में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

समय के साथ जानकारी उपलब्ध होने पर अद्यतनों के बारे में सूचना नियमित रूप से इस पृष्ठ पर जोड़ी जाएगी।

निर्यात प्रमाण-पत्र

जैसे-जैसे हम अपनी नई निर्यात प्रलेखन प्रणाली – NEXDOC लागू करेंगे, वैसे-वैसे निर्यात प्रमाणन में परिवर्तन किए जाएँगे। ये परिवर्तन उत्पादों के अनुसार चरणों में किए जाएँगे और यह 17 मई 2021 को दुग्ध-उत्पादों के साथ शुरू होगा।

अन्य प्रकार के उत्पादों के प्रमाण-पत्रों के लिए समय-सीमाओं पर विचार किया जा रहा है, और इनकी पुष्टि होने पर इन्हें इस पृष्ठ पर प्रदर्शित किया जाएगा।

दुग्ध-उत्पादों के प्रमाण-पत्रों के लिए चार सप्ताहों की संक्रमण अवधि होगी, जिसमें विभाग द्वारा वर्तमान निर्यात प्रमाणन प्रणाली (EXDOC) और नई NEXDOC प्रमाणन प्रणाली, दोनों को जारी किया जाएगा। माल ढुलाई की समय-सीमाओं को देखते हुए इस बात की संभावना हो सकती है कि NEXDOC के शुरू होने के बाद आठ सप्ताहों तक कुछ समुद्री माल EXDOC प्रमाण-पत्र के साथ आ सकता है।

इन परिवर्तनों में शामिल हैं:
- पारस्परिक रूप से सहमत प्रमाणनों/अनुमोदनों में पहले उपयोग किए जाने वाले विभागों के नाम के स्थान पर - ऑस्ट्रेलियाई सरकार के पदनाम का उपयोग
- वास्तविक समय में प्रमाण-पत्र की सत्यता की जांच के लिए एक अनन्य त्वरित प्रतिक्रिया (क्यूआर) कोड शामिल किया जाना
- प्रमाण-पत्र पर प्रदर्शित जानकारी में मामूली परिवर्तन
- सादे कागज पर प्रमाण-पत्र जारी किया जाना। क्यूआर कोड शामिल करने का अर्थ है कि अब नीले रंग के सिक्योरिटी पेपर की आवश्यकता नहीं है।

त्वरित प्रतिक्रिया (क्यूआर) कोड शामिल

नए सादे कागज के प्रमाण-पत्र में एक अनन्य क्यूआर कोड शामिल होगा। यह सुरक्षा के लिए एक अतिरिक्त सुविधा है।

प्रमाण-पत्र को मोटे तौर पर देखने के लिए उपयोगकर्ता क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं और सत्यापन विवरणों की पुष्टि कर सकते हैं, जैसे:

- प्रमाण-पत्र संख्या
- उत्पाद का प्रकार
- प्रमाण-पत्र की वर्तमान स्थिति
- निर्यातक
- प्राप्तकर्ता
- प्रेषण तिथि

क्यूआर कोड को इन माध्यमों से पढ़ा जा सकता है:

- विभाग के 'प्रमाण-पत्र स्कैनर' एप के उपयोग से – यह गूगल प्ले स्टोर और ऐप्पल ऐप स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध है।

  अथवा
- ऐप डाउनलोड करने में असमर्थ होने की स्थिति में संगत स्मार्टफोन के कैमरे से क्यूआर कोड को स्कैन करके सत्यापन के

लिए आवश्यक प्राप्तकर्ता-विशेष जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस तरीके का उपयोग करते समय यह देखना महत्वपूर्ण है कि जिस वेबसाइट को संदर्भित किया जा रहा है, वह https://online.agriculture.gov.au/... पते से शुरू होती है।

निर्यात प्रमाण-पत्र प्रणाली अपडेट

हम EXDOC को Next Export Documentation System (NEXDOC) नाम की नई प्रणाली के साथ बदल रहे हैं।

NEXDOC से ऑस्ट्रेलिया की निर्यात प्रलेखन प्रणाली और अधिक सुरक्षित तथा व्यापारिक स्थितियों में परिवर्तन के प्रति उत्तरशील बन पाएगी। इसमें आयातक देश द्वारा अनुरोध किए जाने वाले परिवर्तन भी शामिल हैं।

NEXDOC से हमारी वर्तमान प्रमाणन व्यवस्था या निर्यातों पर हमारे नियामक नियंत्रण में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

संपर्क

हम नए निर्यात प्रमाण-पत्रों के लिए सुचारू रूप से संक्रमण सुनिश्चित करने और व्यापार में किसी भी व्यवधान को कम करने के लिए व्यापारिक भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

यदि आपके पास कोई प्रश्न, टिप्पणियां या चिंताएँ हैं, तो कृपया निर्यात से संपर्क करें।